# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (28.06.2025)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 28.06.2025, PAGE-02**

# 2021 की नामांकन समिति को आधार बना संबद्ध कालेजों में तय होंगी सीटें

**स्नातक में नामांकन के लिए आज तय हो जाएंगी सीटें, विश्वविद्यालय की ओर से गठित कमेटी ने बैठक कर कई बिंदुओं पर की चर्चा**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत कालेजों में पिछले दो सत्रों में हुए नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या और विभिन्न विषयों में आवंटित सीटों के अनुपात को आधार बनाकर सीटें तय होंगी। इस पर विश्वविद्यालय की ओर से गठित कमिटी कार्य कर रही है। शनिवार तक सीटों के निर्धारण की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। दूसरी ओर संबद्ध कालेजों के लिए कमेटी की ओर से इस बात पर सहमति बनी है कि वर्ष 2021 में हुई नामांकन समिति की बैठक में स्थायी संबद्धता प्राप्त कालेजों के लिए जितनी सीटों पर नामांकन की अनुशंसा की गई थी, उसी को आधार बनाकर सीटों की संख्या तय की जा सकती है।

इसके बाद कई कालेजों ने विभिन्न विषयों में आए अधिक आवेदन को आधार बनाकर सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की अनुमति प्राप्त करते रहे हैं। ऐसे में उन सीटों में कटौती होगी। कई कालेजों ने मनचाहे तरीके से सीट बढ़ोतरी की अनुमति प्राप्त की है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2021 में हुए नामांकन समिति में जिन विषयों में सीट बढ़ोतरी और कुल संख्या पर सहमति बनी थी उसी को आधार बनाकर सीट तय होंगी। इसके बाद सीटों की गणना और कुल आवेदन को मिलाकर नामांकन के लिए सीट तय हो सकते हैं। हिंदी, इतिहास, भूगोल और जूलाजी में अधिक आवेदन आए हैं। दो सत्रों में हुए नामांकन और आए हुए आवेदन को आधार पर बनाकर सीटों की संख्या तय की जाएंगी। विश्वविद्यालय में इस सप्ताह हुई नामांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर गठित कमिटी ने शुक्रवार को बैठक की। करीब तीन घंटे तक चली बैठक में सीटों की संख्या को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसमें पिछले दो सत्रों में हुए नामांकन और अन्य रिकार्ड को खंगाला गया।

बताया गया है कि शनिवार को सत्र 2025 - 29 में होने वाले नामांकन के लिए सीटों की संख्या तय हो जाएगी। इसके बाद नामांकन के लिए पहली मेधा सूची जुलाई के पहले सप्ताह तक जारी हो सकती है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि नए सत्र में नामांकन के लिए सीटों की संख्या शनिवार को तय हो जाएगी। इसे अंतिम रूप देते हुए सीटों की संख्या जारी हो जाएगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN MUZAFFARPUR DATE:28.06.2025 PAGE-02**

# स्नातक के लिए स्काउट–गाइड व एनएसएस का सिलेबस तैयार

- इन विषयों का पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं होने से छात्र–छात्राओं को होती है परेशानी
- एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स के लिए पांच विषयों का तैयार होना है पाठ्यक्रम

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत फोर्थ सेमेस्टर में पढ़ाए जाने वाले एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स के तहत दो विषयों का पाठ्यक्रम बनकर तैयार हो गया है। विश्वविद्यालय की ओर से गठित कमेटी ने स्काउट एंड गाइड और एनएसएस का पाठ्यक्रम तैयार कर लिया है। जल्द ही तैयार किए गए पाठ्यक्रम के प्रारूप को विश्वविद्यालय स्तर से जारी कर दिया जाएगा।

इसके बाद एइसी पत्र में स्काउट और एनएसएस का चयन करने वाले विद्यार्थी अपनी पढ़ाई कर सकेंगे। चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत फोर्थ सेमेस्टर में छात्र–छात्राओं को एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स के तह कुल पांच विषयों की पढ़ाई कराई जानी है। इसमें एनएसएस, सोशल सर्विस, एनजीओ, स्पोर्ट्स और स्काउट एंड गाइड की पढ़ाई की जानी है।

**कमेटी में इन्हें किया गया शामिल :** स्पोर्ट्स के लिए गठित कमेटी में विवि वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो.रंजना कुमारी, विवि राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो.कांतेश कुमार, कामर्स विभाग के प्रो.विनोद बैठा, एलएस कालेज की डा. साजिदा अंजुम को शामिल किया गया है। स्काउट एंड गाइड के लिए कमेटी में आरडीएस कालेज की अंग्रेजी विभाग की डा नीलिमा झा, विवि राजनीति विज्ञान विभाग के डा. अमर बहादुर शुक्ला, विवि गणित विभाग के डा. जितेश पति त्रिपाठी और विवि गृहविज्ञान विभाग की डा. विदिशा मिश्रा को शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है अन्य तीन विषयों के लिए भी जल्द पाठ्यक्रम निर्माण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। उल्लखनीय है कि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू होने के बाद भी एइसी के कई विषयों का पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं है। इससे विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती है।

**एनएसएस के बारे में विस्तार से जानेंगे विद्यार्थी :** स्नातक में एइसी के तह एनएसएस की पढ़ाई करने वाले छात्र इसकी जानकारी प्राप्त करेंगे। इसमें उन्हें एनएसएस को लेकर स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के विचार, युवाओं को जिम्मेदारियों की अनुभूति कराना, समाजिक बदलाव में उनकी भूमिका, पर्यावरण को लेकर उनके दायित्व समेत अन्य पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।



## कुलपति के आदेश पर बनाई गई थी कमेटी

विश्वविद्यालय स्तर से गठित कमेटी के स्तर से इन पत्रों के लिए पाठ्यकम तैयार होना है। इसके लिए गर्मी की छुट्टियों में ही विश्वविद्यालय स्तर से कमेटी का गठन किया गया था। कुलपति प्रो . डीसी राय के आदेश पर पाठ्यकम निर्माण के लिए कमेटी का गठन किया गया था। एनएसएस कोर्स के लिए गठित कमेटी में डा . अनुराधा पाठक, आरडीएस कालेज के डा . सौरभ राज, विवि अर्थशास्त्र विभाग की डा . अनिता कुमारी और आरडीएस कालेज के डा . राजेश कुमार को शामिल हैं। सोशल सर्विस कोर्स के लिए गठित कमेटी में नीतीश्वर महाविद्यालय के डा . आर्या प्रिय, विवि इतिहास विभाग के डा . गौतम चंद्रा, विवि कामर्स विभाग के डा . चौधरी साकेत कुमार और विवि हिंदी विभाग के डा . सुशांत को शामिल किया गया है। एनजीओ के लिए गठित कमेटी में परीक्षा नियंत्रक प्रो .राम कुमार, एलएस कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो .आलोक कुमार, आरडीएस कालेज के डा . रजनीकांत पांडेय और विवि भूगोल विभाग की डा . शिरीन हयात शामिल हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 28.06.2025, PAGE-04

# वोकेशनल कोर्स में प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट 30 तक

**मुजफ्फरपुर.** विवि की ओर से 30 जून तक वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी किया जाएगा.

जुलाई के पहले सप्ताह में दाखिले की प्रक्रिया होगी. इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है. विश्वविद्यालय के तहत आने वाले विभिन्न कॉलेजों में डेढ़ दर्जन से अधिक वोकेशनल कोर्स का संचालन किया जा रहा है. इसमें दाखिले के लिए पहली बार विश्वविद्यालय स्तर पर केंद्रीकृत प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी है.

स्नातक, पीजी डिप्लोमा और पीजी स्तर पर संचालित होने वाले कोर्स के लिए कुल 2985 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए हैं. सबसे अधिक आवेदन बीसीए कोर्स के लिए प्राप्त हुआ है.

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE:28.06.2025, PAGE-04

## एबिलिटी इन्हांसमेंट से पांच नये विषयों को किया जा रहा शामिल

# विवि : स्नातक में सोशल सर्विस और एनजीओ की करायेंगे पढ़ाई

### पांच विषयों के लिए अलग-अलग कमेटी का किया गया है गठन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से स्नातक कोर्स में सोशल सर्विस और एनजीओ की पढ़ाई करायी जाएगी. एबिलिटी इन्हांसमेंट (एईसी) के तहत पांच नये कोर्स को शामिल किया गया है. इसको लेकर कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय के निर्देश पर अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया है.

एईसी-4 के तहत स्नातक में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), सोशल सर्विस, एनजीओ, स्पोर्ट्स और स्काउट एंड गाइड कोर्स की शुरुआत की जाएगी. एनएसएस कोर्स के लिए गठित कमेटी में डॉ अनुराधा पाठक, आरडीएस कॉलेज के डॉ सौरभ राज, विवि अर्थशास्त्र विभाग की डॉ अनिता व आरडीएस कॉलेज के डॉ राजेश को शामिल किया गया है.

सोशल सर्विस कोर्स के लिए गठित कमेटी में नीतीश्वर महाविद्यालय के डॉ आर्या प्रिय, विवि इतिहास विभाग के डॉ गौतम चंद्रा, विवि कॉमर्स विभाग के डॉ चौधरी साकेत व विवि हिंदी विभाग के डॉ सुशांत को शामिल किया गया है. एनजीओ के लिए गठित कमेटी में विवि रसायनशास्त्र विभाग के प्रो राम, एलएस कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो आलोक, आरडीएस कॉलेज के डॉ रजनीकांत पांडेय व विवि भूगोल विभाग की डॉ शिरीन हयात को शामिल किया है.

स्पोर्ट्स के लिए गठित कमेटी में विवि वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो रंजना, विवि राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो कौशिक, कॉमर्स विभाग के प्रो विनोद बैठा, एलएस कॉलेज की डॉ साजिदा अंजुम को शामिल किया है. वहीं स्काउट एंड गाइड के लिए कमेटी में आरडीएस कॉलेज की अंग्रेजी विभाग की डॉ नीलिमा झा, विवि राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ अमर बहादुर शुक्ला, विवि गणित विभाग के डॉ जितेश पति त्रिपाठी और विवि गृहविज्ञान विभाग की डॉ विदिशा मिश्रा को शामिल किया गया है. कमेटी के सदस्यों को कहा गया है कि वे बैठक कर शीघ्र पाठ्यक्रम के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करें.

## तय सीटें नहीं भरी, कॉलेज कह रहे बढ़ाएं

- नामांकन के लिए बनी कमेटी की बैठक में दूसरे दिन भी सीट बढ़ाने पर स्पष्ट नहीं हो सकी स्थिति
- कई संबद्ध डिग्री कॉलेजों में अंगीभूत कॉलेजों से अधिक सीट तय, सीबीसीएस से होगा निर्धारण

**मुजफ्फरपुर.** विवि में नामांकन के लिए गठित कमेटी की काफी देर तक चली बैठक के बाद भी सीटों पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका. अब कमेटी शनिवार को फिर से सीटों के निर्धारण को लेकर बैठेगी. उम्मीद है कि इन दिन सीटों की संख्या बढ़ेगी या नहीं इसपर स्थिति स्पष्ट हो जायेगी.

बैठक के दौरान कॉलेजों की ओर से सीट बढ़ाने को लेकर दिये गये आवेदनों की समीक्षा की गयी. इस दौरान पाया गया कि कई कॉलेज जिन्होंने सीट बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, उनमें पिछले दो वर्षों में सीटें नहीं भर सकी हैं. ऐसे में इन कॉलेजों में सीटों की वृद्धि का कोई औचित्य नहीं है.

### सीटों के निर्धारण के बाद ही जारी होगी मेधा सूची

विश्वविद्यालय में सीटों के निर्धारण के बाद ही स्नातक में दाखिले के लिए पहली मेधा सूची जारी की जायेगी. सीटों पर निर्णय होने के बाद 30 जून तक पहली मेधा सूची जारी होने की उम्मीद है. इसके बाद जुलाई के पहले सप्ताह में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी. विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि 15 जुलाई से कॉलेजों में स्नातक के नये सत्र की कक्षाओं का संचालन शुरू हो जाएगा. कई कॉलेजों को नये सत्र के लिए मान्यता मिलने की उम्मीद है. ऐसे में उनके लिए फिर से पोर्टल खुल सकता है.

साथ ही कमेटी के सदस्यों ने यह भी कहा कि कॉलेजों में तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के अनुसार सीटों का निर्धारण है. सेमेस्टर सिस्टम और सीबीसीएस लागू होने के बाद पाठ्यक्रम में काफी बदलाव आया है. ऐसे में पूर्व निर्धारित पैटर्न पर कॉलेजों को सीट बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती. कॉलेजों में आधारभूत संरचना, शिक्षकों की संख्या और अन्य सुविधाओं को देखने के बाद ही इसपर निर्णय लिया जा सकता है. नियमतः अंगीभूत कॉलजों में बिना प्रैक्टिकल वाले विषयों में 256 और प्रैक्टिकल वाले विषयों में 196 सीटें रह सकती हैं. कई संबद्ध डिग्री कॉलेज ऐसे हैं जहां पांच सौ से भी अधिक विद्यार्थियों का नामांकन एक विषय में है. ऐसे में अब सीटों की संख्या में वृद्धि पर कमेटी निर्णय लेने में असमंजस की स्थिति में है. बैठक में अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो.आलोक प्रताप सिंह, कुलानुशासक प्रो.बीएस राय, सीनेट सदस्य सह पूर्व कॉलेज निरीक्षक प्रो.प्रमोद कुमार, यूएमआइएस कोआर्डिनेटर प्रो.टीके डे समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.